एस यू लाइक इट

जैसा आपको अच्छा लगे

विलियम शेक्सपियर

लेखक के बारे में

विलियम शेक्सपियर का जन्म स्ट्रैटफोर्ड-ऑन-एवन, इंग्लैंड में 23 अप्रैल 1564 को हुआ था. उनके पिता, जॉन शेक्सपियर एक धनी व्यापारी थे. उनकी माँ का नाम था मैरी आर्डन. वह अपने माता-पिता की तीसरी सन्तान थे. विलियम ने शायद स्ट्रैटफोर्ड ग्रामर स्कूल में शिक्षा पाई थी, जहां उन्होंने इंग्लिश, ग्रीक और लैटिन भाषाएँ सीखीं थी.

विलियम का ऐनी हैथवे से विवाह 1582 में हुआ था. वह 1585 और 1595 के बीच लंदन आ गये, जहां पहले वह एक अभिनेता बने फिर नाटक लिखने लगे. उनकी नाटक कम्पनी, 'द किंग्स मैन', ने अपनी अधिकतर नाटक ग्लोब थिएटर में खेले.

ऐसा माना जाता है कि शेक्सपियर ने कोई 37 नाटक, कई गीत और कवितायें लिखीं थी. थिएटर का जीवन छोड़ कर वह 1611 में स्ट्रैटफोर्ड लौट आये. वहां उनका घर नगर का दूसरा सबसे बड़ा घर था. पाँच वर्षों तक एक शांत और सुखी जीवन जीने के बाद 23 अप्रैल 1616 को उनका देहांत हो गया.

विलियम शेक्सपियर को इंग्लिश भाषा का सबसे महान लेखक माना जाता है.

जैसा आपको अच्छा लगे

विलियम शेक्सपियर

सिलिया

ओलिवर

ड्यूक फ्रेडरिक

बूढ़े ड्यूक

रोसालिंड

ऑर्लैंडो

कई वर्ष पहले एक गाँव के एक आलीशान घर में तीन भाई रहते थे. सबसे बड़ा, ओलिवर घर और सारी ज़मीनों के देख-रेख करता था. मंझले भाई, जेक्स, को उसने स्कूल में पढ़ाई करने के लिये भेजा था. लेकिन सबसे छोटे भी ऑर्लैंडो के प्रति उसका व्यवहार अच्छा न था, उसको अपने अधिकारों से वह वंचित रखता था. एक दिन ऑर्लैंडो ने घर के पुराने नौकर एडम से अपनी भाई ओलिवर के पक्षपातपूर्ण व्यवहार के विषय में बात की.

ऑर्लैंडो एक अच्छा और स्नेही युवक था. वह समझ न पाता था कि उसका भाई उसके साथ ऐसा गलत व्यवहार क्यों करता था. उसके मन में विचार आया कि जो धन उसके पिता उसके लिये छोड़ गये थे उसे लेकर वह कहीं ओर जाकर रहने लगे.

इस पर ऑर्लैंडो ने ओलिवर का हाथ पकड़ लिया ताकि वह उसे फिर से मार न सके.

हमारे पिता ने तुम से कहा था कि मुझे अच्छी शिक्षा दिलवाना. उनकी इच्छा का पालन करो अन्यथा जो मेरा है मुझे दे दो.

मैं उसका एक भाग ही तुम्हें दूंगा. अब मुझे जाने दो और यहाँ से निकल जाओ!

जब ऑर्लैंडो और एडम चले गये तो ओलिवर ने पास खड़े नौकर से कहा.
ड्यूक का पहलवान, चार्ल्स, मुझ से मिलने के लिये आया है. उसे यहाँ ले आओ.

ड्यूक के महल में क्या हो रहा है?
बूढ़े ड्यूक को उनके छोटे भाई, ड्यूक फ्रेडरिक, ने निर्वासित कर दिया है. सुना है कि अब रॉबिन हुड की तरह वह आर्डेन के जंगल में रहते हैं.

क्या उनकी बेटी रोसालिंड को भी उनके साथ निकाल दिया?
नहीं, वह और नये ड्यूक की बेटी सिलिया बहनों की तरह हैं. ड्यूक दोनों को एक साथ रखना चाहता है.

लेकिन मेरे मन में एक और बात है. आपका छोटा भाई ऑर्लैंडो कल मेरे साथ कुश्ती लड़ना चाहता है. मैं उससे बड़ा और ताकतवर हूँ और मुझे डर है की कुश्ती में उसे कोई चोट न लग जाए.

चार्ल्स के जाने के बाद ओलिवर सोच में पड़ गया.

समझ में नहीं आता कि मैं ऑर्लैंडो से क्यों घृणा करता हूँ. वह अच्छा, स्नेही लड़का है, पर यही बात मेरी घृणा को बढ़ा रही है.

अगली दिन ड्यूक फ्रेडरिक के महल में सिलिया और रोसालिंड टहल रहीं थीं.

प्रिय रोसालिंड, इतनी उदास न रहा करो.

जब मैं अपने निर्वासित पिता के बारे में सोचती हूँ तो मेरे लिए प्रसन्न रहना कठिन हो जाता है.

मैं अपने पिता की इकलौती संतान हूँ. एक दिन यह सारी धन-संपदा मेरी होगी. तब, जो कुछ तुम्हारे पिता से छीन लिया गया है, वह मैं तुम्हें लौटा दूंगी.

उसी समय ड्यूक फ्रेडरिक अपने कई आदमियों के साथ वहां आया.

पर तुम्हें दुःख होगा. चार्ल्स उस युवक को मार भी सकता है. शायद तुम उस लड़के को समझा सको कि वह न लड़े.

हम प्रयास करेंगी.

क्या तुम ही वो युवक हो जो चार्ल्स से कुश्ती लड़ना चाहता है?

हाँ, मैं ही हूँ. और शायद मैं जीत भी जाऊं.

तुम बहुत छोटे हो, वह तुम्हें बुरी तरह घायल कर सकता है!

ड्यूक से कहते है कि इस मुकाबले को रुकवा दें!

मुझे उससे लड़ना ही है. मुझे आशा है कि आप की शुभ-कामनायें मेरे साथ होंगी. मेरी चिंता करने वाला अपना कोई भी नहीं है.

काश, मैं तुम को शक्तिशाली बना सकती! लेकिन तुम्हारी सफलता की हम कामना करती हैं.

रोसालिंड और सिलिया की शुभ-कामनायें मन में लिये, ऑर्लैंडो ने चार्ल्स के साथ कुश्ती लड़नी शुरू की.

सब को हैरान करते हुए, ऑर्लैंडो ने चार्ल्स को इतनी ज़ोर से पटका कि वह दुबारा उठ ही न पाया. कुछ ही पलों में मुकाबला खत्म हो गया.

बहुत हुआ, बहुत हुआ!
कुश्ती रोक दो!
यह युवक जीत गया है!

तुम्हारा पिता मेरा शत्रु था. लेकिन फिर भी तुम एक बहादुर युवक हो.

इतना कह कर ड्यूक फ्रेडरिक वहां से चला गया. लेकिन रोसालिंड और सिलिया युवक से बात करने के लिये वहीं रुकी रहीं.

इसके पहले कि ऑर्लैंडो धन्यवाद कह पाता, रोसालिंड और सिलिया चली गयीं.

उधर रोसालिंड को ऑर्लैंडो से प्यार हो गया था. जब दोनों लड़कियां अकेली थीं, रोसालिंड ने सिलिया से उसके बारे में बात की.

मेरे पिता उस युवक के पिता को प्यार करते थे.

मुझे लगता है कि अब तुम उसे प्यार करने लगी हो!

तभी ड्यूक फ्रेडरिक दनदनाता हुआ उनके कमरे में आया.

इस पर सिलिया ने कहा.

आपको ऐसा नहीं करना चाहिए, पिता जी. हम बहनों जैसी हैं. मैं इसके बिना नहीं रह पाऊँगी!

तुम मूर्ख हो, सिलिया और रोसालिंड तुम, अभी यहाँ से निकल जाओ!

ड्यूक के जाने के बाद सिलिया ने रोसालिंड से कहा.

यहाँ से तुम अकेली नहीं जाओगी, रोसालिंड. मैं भी तुम्हारे साथ जाऊँगी. हम मिल कर अर्देन के जंगल में तुम्हारे पिता को ढूढेंगे.

दोनों लडकियां जाने के लिये शीघ्र ही तैयार हो गयीं. रोसालिंड ने युवक का भेष बना लिया ताकि यात्रा करते समय दोनों सुरक्षित रहें.

मैं तुम्हें किस नाम से बुलाऊँ?

मेरा नाम होगा ‘गैनिमीड’ !

और अब मेरा नाम सिलिया नहीं, एलिना होगा. ऐसा करते हैं, पिता के विदूषक को साथ ले चलते हैं. मेरे कहने पर वह साथ चल पड़ेगा.

जब यह घटनायें महल में घट रहीं थीं, बूढ़ा ड्यूक, रोसालिंड का पिता, अपने मित्रों के साथ अर्देन के जंगल में रह रहा था.

ड्यूक फ्रेडरिक के महल से यह जंगल अधिक सुरक्षित है.

मैं प्रसन्न हूँ कि आप सब यहाँ खुश हैं.

इस बीच ड्यूक फ्रेडरिक को पता लगा कि सिलिया, रोसालिंड के साथ चली गयी थी.
मेरे महल में कोई न कोई यह बात जानता होगा!
श्रीमान, आपका विदूषक भी चला गया है! और दरबार की एक महिला का विचार है कि जो युवक चार्ल्स के साथ लड़ा था वह भी शायद उनके साथ ही होगा.

उस युवक के भाई ओलिवर को तुरंत बुलाओ. उसे बताना ही होगा कि वह सब कहां हैं!

ऑर्लैंडो उन लड़कियों के साथ न था. लेकिन जैसी ही वह घर पहुंचा, घर का नौकर एडम उसे मिलने आया.
आपको अभी यहाँ से चले जाना चाहिये! आपका भाई आपकी हत्या करवाना चाहता है!

जब मैं आपके पिता के लिये काम करता था तब मैंने कुछ पैसे बचाये थे. कृपया यह आप ले लें. मुझे भी अपने साथ ले चलें. अब मैं यहाँ और नहीं रहना चाहता.
ठीक है मेरे वफादार मित्र, हम एक साथ जायेंगे.

तभी, लंबी यात्रा करने के बाद, रोसालिंड, सिलिया और विदूषक टचस्टोन जंगल में पहुँच गये.

अगर मैंने आदमी का भेष न बनाया होता तो मैं एक लड़की की तरह रो पड़ती. लेकिन हमें साहस से काम लेना होगा, एलिना.

यहाँ से तो घर बहुत अच्छा था. लेकिन यात्रियों को उसी से संतोष करना पड़ता है जो मिल जाता है.

जब वह ऐसे बात कर रहीं थीं, दो गड़ेरिये वहां से गुज़रे. टचस्टोन ने उन्हें पुकारा.

अरे गड़ेरियों!

क्या पास में कोई जगह है जहां हमें खाना और सोने की जगह मिल जाए?

इस बीच जंगल के दूसरे भाग में ड्यूक के लोगों ने जेक्स को खोज निकाला.

उसी समय ऑर्लैंडो और उसका नौकर एडम जंगल में पहुंचे.

मालिक, मैं और नहीं चल सकता. मैं बहुत थका हुआ और बहुत भूखा हूँ.

फिर तुम यहीं रुको और आराम करो. मैं जाकर देखता हूँ कि इस जंगल में क्या मिल सकता है.

वहां से थोड़ी दूर, ड्यूक और उनके आदमी जेक्स की प्रतीक्षा कर रहे थे.

मुझे नहीं लगता कि वह आयेगा.

जाओ और उसे लेकर आओ.

तभी जेक्स आ गया. वह बहुत उत्साहित था.

जंगल में अभी-अभी मेरी भेंट एक मूर्ख से हुई. उसने जोकर के कपड़े पहन रखे थे. उसके पास एक सन-डायल था जिस की सहायता से उसने समय बताया.

जब जेक्स अपनी बात सुना रहा था, ऑर्लैंडो वहां आ पहुंचा.

रुको!
मत खाओ!
मुझे थोड़ा-सा
खाना चाहिए!

हम तुम्हारी मदद
करेंगे. हम धौंस से
नहीं डरते, लेकिन
प्यार से बात करने
वालों का साथ देते है.
मुझे क्षमा
करें, लेकिन
मैं भूख से
मर रहा हूँ.

बैठ जाओ,
हमारी मेज़
पर तुम्हारा
स्वागत है.
धन्यवाद, लेकिन
पहले मुझे एक थके
हुए, बूढ़े व्यक्ति को
लाना है जिसने पूरी
निष्ठा से मेरा साथ
दिया है.

फिर जाओ,
हम तुम दोनों
के लौटने का
इंतज़ार करेंगे.

देखो साथियो, सिर्फ हम ही नहीं हैं जो कष्ट झेल रहे हैं. यह संसार एक बड़ा रंगमंच है जिस पर अलग-अलग नाटक खेले जा रहे हैं.
हाँ, हम सब अभिनेताओं की तरह हैं और हर आदमी के जीवन में सात पड़ाव आते हैं.
पहले वह बच्चा होता है.
फिर वह स्कूल का विद्यार्थी होता है.
उसके बाद वह युवक होता है और प्रेम करने लगता है.
जल्द वह सैनिक बन जाता है.
बाद में वह ऐसा व्यक्ति बन जाता है जो बुद्धिमान दिखाई देता है और जिसके पास सब उत्तर होते हैं.
और अब तक बुढ़ापा आने लगता है और जल्दी ही वह बहुत बूढ़ा हो जाता है, फिर से एक बच्चे समान असहाय.

जैसे ही जेक्स ने बात समाप्त की, ऑलैंडो, एडम के साथ आया.

स्वागत है आपका, अपने निष्ठावान मित्र को बैठा दो और हम खाना शुरू करें.

इनके लिए आपका विशेष धन्यवाद.

अच्छा ही है, क्योंकि मैं इतना थक गया हूँ कि स्वयं धन्यवाद भी नहीं कह सकता.

खाना खाते-खाते ऑलैंडो ड्यूक से बातें करता रहा. खाना समाप्त होने पर ड्यूक ने ऑलैंडो की ओर देखा.

और अब, युवक, अगर तुम सच में सर रोलैंड के पुत्र हो तो तुम्हारा हार्दिक स्वागत है. तुम्हारे पिता को मैं हमेशा पसंद करता था.

और, महाशय, आपके मालिक की भाँति आपका भी स्वागत है. हाथ मिलाओ और मेरे मित्र बन जाओ

उधर ड्यूक फ्रेडरिक के महल में ड्यूक के आदेश पर ओलिवर आया.

तुम्हारा कहना है कि जिस दिन कुश्ती का मुकाबला था उस दिन से तुमने अपने भाई को देखा ही नहीं?

इस बीच ऑर्लैंडो बूढ़े ड्यूक और उनके आदमियों के साथ जंगल में रहने लगे. पर ऑर्लैंडो हर समय रोसालिंड के बारे में सोचता था.

ओ रोसालिंड! मेरे प्यार को अभिव्यक्त करती एक कविता में जंगल के हर पेड़ पर टाँग दूंगा!

जैसे ही ऑर्लैंडो गया, विदूषक टचस्टोन बूढ़े गड़ेरिये के साथ वहां आया.

मेरी नई स्वामिनी के भाई मास्टर ‘गैनिमीड’ आ रहे हैं.

‘अब नहीं भाता कोई मन को,
जब से देखा है सुंदर रोसालिंड को’.

मूर्ख लोग ही ऐसी हास्यास्पद कवितायें लिखते हैं.

ओह, चुप हो जाओ विदूषक...यह कविता मुझे एक पेड़ पर मिली. लगता है कि मेरी बहन को भी एक कविता मिली है!

हर पेड़ पर ऐसी प्रेम-कवितायें लटक रही हैं.

चलो गड़ेरिये, हम चलते हैं. पेड़ो पर उगती कवितायें मुझे अच्छी नहीं लगतीं.

क्यों, वही ऑर्लैंडो जिसे ने पहलवानी का मुकाबला और तुम्हारा दिल एक साथ जीत लिए थे.

ऑर्लैंडो?

अरे, वह इस जंगल में कैसे आ पहुंचा? वह कैसा दिखता है? क्या तुम ने उससे बात की है? बताओ मुझे!

क्या वह जानता है कि मैं इस जंगल में हूँ? और वह भी एक पुरुष के भेष में?
चुप हो जाओ! वह आ रहा है!

और तभी ऑर्लैंडो और जेक्स बातें करते हुए वहां आ गये जहां एक पेड़ के पीछे लड़कियाँ छिपी खड़ी थीं.
मैं चाहता हूँ कि इस सुंदर जंगल में हर जगह अपनी प्रेम-कवितायें रखना तुम बंद कर दो.
तुम उन्हें पढ़ना बंद कर दो. वह तुम्हारे लिये नहीं हैं!

क्या तुम्हारी प्रेयसी का नाम रोसालिंड है?
हाँ, और अब तुम जाओ और मुझे रोसालिंड के बारे में सोचने दो!

जेक्स के जाते ही रोसालिंड, जो अभी भी 'गैनिमीड' के भेष में थी, पेड़ की ओट से बाहर आई.

सुनो, क्या समय हुआ है?

यहाँ जंगल में कोई घड़ी नहीं है!

लेकिन यहाँ कोई है जो समय का पूरा ध्यान रखता है. हर मिनट वह अपनी प्रेयसी के नाम नई कविता पेड़ों पर टाँग देता है.

मैं यहाँ अपनी इस गड़ेरिन बहन के साथ रहता हूँ. अगर वह युवक जो यह कवितायें लटकाता फिरता है मिल जाए तो मैं उसे कुछ सलाह देना चाहूँगा.

मैं ही वह युवक हूँ. तुम क्या कहना चाहते हो?

प्यार एक पागलपन है जिसे मैं पहले भी कई बार ठीक कर चुका हूँ. मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूँ.

हाँ, मैं ख़ुशी से तुम्हारे साथ चलूँगा, लड़के.

नहीं, मुझे रोसालिंड ही बुलाओ. चलो बहन, सब एक साथ चलते हैं.

समय बीतने लगा. रोसालिंड, 'गैनिमीड' के भेष में, ऑर्लैंडो के प्यार का पागलपन ठीक करने का नाटक करती रही. फिर एक दिन ऑर्लैंडो को आने में देर हो गयी.

एक शब्द भी न बोलना वरना मैं रो पड़ूंगी.

'गैनिमीड', आदमी नहीं रोते.

लेकिन उसने वचन दिया था कि आज सुबह वह आयेगा... और अभी तक नहीं आया?

क्या पता उसका प्यार सच्चा है भी या नहीं? क्या तुम जानती हो कि वह यहाँ पर तुम्हारे पिता और उनके साथियों के साथ रहता है?

हाँ, कल मैं अपने पिता से मिली थी. वह मुझे पहचान न पाए. उन्होंने मुझ से पूछा कि मेरे पिता कौन हैं. मैंने कहा कि मेरे पिता उनके समान ही अच्छे व्यक्ति हैं. पर हम उनकी बात क्यों कर रहे हैं? ऑर्लैंडो कहाँ है?

लेकिन सिर्फ रोसालिंड ही प्यार में दुःखी न थी. उसी पल कोरिन, बूढ़ा गड़ेरिया, उनके पास एक दुःख भरी कहानी लेकर आया.

प्रिय फिबी, मेरा तिरस्कार न करो. मैं तुम्हारे प्यार के लिए मर भी सकता हूँ.

मैं तुम्हें दुःख नहीं देना चाहती, सिल्विअस. लेकिन मैं तुम्हारे निकट नहीं आना चाहती.

रोसालिंड को उस गड़ेरिये पर तरस आया और वह आगे आई.

अरे मूर्ख गड़ेरिये, तुम इस तरह उसके पीछे-पीछे क्यों जा रहे हो? वह इतनी सुंदर भी नहीं है. और तुम, गड़ेरिन, इतने अच्छे युवक के प्यार के लिये तो तुम्हें ईश्वर का आभारी होना चाहिये.

लेकिन फिबी तो 'गैनिमीड' के रूप से प्रभावित हुई, उसकी बातों से नहीं.

इतना कह 'गैनिमीड' और एलिना चल दिए. लेकिन फिबी हार मानने वाली न थी.

सिल्विअस, तुम प्यार के विषय में इतनी अच्छी बातें करते हो, तुम्हें मेरी सहायता करनी होगी.

फिर फिबी ने 'गैनिमीड' को एक प्रेम-पत्र लिखा.

उधर ऑर्लैंडो की प्रतीक्षा करती हुई रोसालिंड ने जेक्स से बात की.

मैंने सुना है कि तुम सदा उदास रहते हो.

हाँ, रहता हूँ क्योंकि उदासी प्रसन्नता से अच्छी होती है.

जब मैं अपनी यात्राओं के बारे में सोचता हूँ तो उदास हो जाता हूँ.

तभी ऑर्लैंडो आ पहुंचा. देर से आने के लिये रोसालिंड ने उस पर गुस्सा किया.

शुभ-दिवस रोसालिंड.

अब कवि यहाँ आ गये हैं तो मुझे चलना चाहिए.

अलविदा यात्री! और तुम कहाँ थे ऑर्लैंडो?

लेकिन ऑर्लैंडो के लिए रोसालिंड का प्यार उसे देर तक गुस्सा नहीं होने दे रहा था.
अब तुम आ गए हो तो मैं तुम पर गुस्सा नहीं कर पा रही, मैं अब प्रसन्न हूँ, जो चाहो मांग लो.

फिर रोसालिंड मुझ से प्यार करो.
मैं करूंगी, हर पल.

क्या मुझ से विवाह करोगी?
हाँ करूंगी.

ऑर्लैंडो इस खेल को अंत तक खेलना चाहता था.
एलिना हमारा विवाह करा दो.
मुझे उचित शब्द नहीं आते.
ऐसे बोलो, 'ऑर्लैंडो, क्या तुम रोसालिंड को अपनी पत्नी स्वीकार करते हो?'

इस तरह ऑर्लैंडो और रोसालिंड ने विवाहित होने का नाटक किया. सिलिया पादरी बनी.

ऑर्लैंडो, क्या तुम रोसालिंड को अपनी पत्नी स्वीकार करते हो?

मैं करता हूँ.

लेकिन यह नकली विवाह रोसालिंड को संतुष्ट न कर पाया. वह ऑर्लैंडो को सदा अपने पास रखना चाहती थी.

अब मुझे लौट कर ड्यूक के साथ भोजन करना है. मैं दो बजे फिर आऊंगा.

इस बार देर न करना वरना मैं सोचूँगी कि तुम वचन निभा ही नहीं सकते.

अगर तुम एक मिनट भी देरी से आये तो मैं समझूँगी कि तुम उस युवती के योग्य नहीं हो जिसे तुम रोसालिंड बुलाते हो.

दो घंटे बीत गए पर ऑर्लैंडो नहीं आया.

दो भी बज चुके हैं! वह कहाँ होगा?

क्या पता खाना खा कर वह सो गया हो.

कुछ समय बाद सिल्विअस 'गैनिमीड' से मिलने आया.
ओ सुंदर युवक, मेरी प्रिय फिबी ने यह पत्र तुम्हारे लिये भेजा है.

उसने लिखा है कि मैं घमंडी और असभ्य हूँ और वह कभी भी मुझ से प्यार नहीं कर सकती. क्या यह तुम ने लिखा है?
मैं इसके विषय में कुछ भी नहीं जानता. इसे फिबी ने ही लिखा है.

बेचारा गड़ेरिया! तुम से धोखा हुआ है. फिबी ने तुम्हारे हाथों एक प्रेम-पत्र भिजवाया है.
अरे, बेचारे गड़ेरिये!
फिबी से जाकर कहो कि अगर वह मुझे प्यार करती है तो मेरा आदेश है कि वो तुम से प्यार करे.

सिल्विअस के जाने के बाद बहुत समय बीत गया पर ऑर्लैंडो नहीं आया. लेकिन उसका भाई ओलिवर आ पहुंचा. रोसालिंड और सिलिया नहीं जानती थीं कि वह कौन है.

शुभ-सुबह, मैं एक युवक और उसकी बहन को ढूंढ रहा हूँ जो आसपास ही रहते हैं.

वह आपके सामने हैं.

ऑर्लैंडो ने लहू से रंगा यह रुमाल उस लड़के के लिये भिजवाया है जिसे वह रोसालिंड बुलाता है.

मैं अपने बारे में बता दूँ और यह भी कि मैं इसे क्यों लाया हूँ.

यहाँ आते समय ऑर्लैंडो ने फटीचर हालत में एक आदमी को देखा जो पेड़ के नीचे सो रहा था. एक सांप उस आदमी की गर्दन के पास, उसे डसने को तैयार बैठा था.

हालाँकि ऑर्लैंडो जान गया था कि वह आदमी उसका दुष्ट भाई था, उसने उस सांप को भगा दिया और भाई की जान बचा ली.

तभी एक शेरनी ने हमला कर दिया और ऑर्लैंडो ने खाली हाथों से उस शेरनी का मुकाबला किया. शेरनी भाग गयी. उसके हाथ पर शेरनी के पंजे से घाव लगा. उसका बहुत खून बह गया. लेकिन वह शीघ्र ही ठीक हो जाएगा.

ऑर्लैंडो मुझे, अपने दुष्ट भाई को, ड्यूक के पास ले गया जिन्होंने मेरा स्वागत किया और मुझे नये कपड़े दिए. फिर ऑर्लैंडो ने मुझे तुम्हारे पास भेजा ताकि मैं तुम्हें सारी बात बता दूँ. वह चाहता है कि देरी के लिये तुम उसे क्षमा कर दो.

हाँ, मैं ऑर्लैंडो का बड़ा भाई ओलिवर हूँ. मैंने उसके साथ बुरा व्यवहार किया था लेकिन अब मैं बदल गया हूँ.

अरे, ‘गैनिमीड’ तो बेहोश हो गया है.
कुछ लोग लहू देखकर बेहोश हो जाते हैं.

साहस से काम लो, युवक, तुम इतने बहादुर नहीं हो जितना पुरुषों को होना चाहिए.
यह सच है, मैं मानता हूँ.

अपने भाई से कहना कि बेहोश होने का कितना अच्छा नाटक मैंने किया था.

चलो भाई, घर चलते हैं.
रोसालिंड का कोई संदेश तो मुझे ऑर्लैंडो के पास ले जाना होगा.
हाँ, अवश्य.

कुछ समय बाद ओलिवर ने अपना एक रहस्य अपने भाई को बताया.

हमारे पिता का घर और ज़मीनें मैं तुम्हें दे दूंगा और एलिना से विवाह कर, मैं यहीं गड़ेरिये की तरह रहूँगा.

तभी 'गैनिमीड' के भेष में, रोसालिंड वहां आई.

हेलो मित्रो, मैंने सुना कि एक शेरनी ने तुम्हें घायल कर दिया था, ऑर्लैंडो.

उससे अधिक घायल तो मुझे एक युवती ने किया.

कल उनका विवाह हो जाएगा. कम से कम मेरे भाई के जीवन में खुशियाँ आयेंगीं. काश! मेरे जीवन में भी आतीं.

उसकी बात सुन रोसालिंड को एक बात सूझी.

कल तुम्हारे लिये मैं रोसालिंड का अभिनय नहीं कर सकती.

नहीं, अब मैं भी और ढोंग नहीं कर सकता.

सुनो, जब मैं छोटी थी मैंने एक बड़े जादूगर के साथ काम किया था. मुझे उसके कई जादू आते हैं. तुम रोसालिंड से प्यार करते हो तो रोसालिंड के साथ तुम्हारा विवाह उसी समय होगा जब तुम्हारे भाई का विवाह एलिना से होगा.

उसी समय सिल्विअस और फिबी आ गये.

युवक, जो प्रेम-पत्र मैंने तुम्हें लिखा था उसे सिल्विअस को दिखा कर तुम ने भूल की.

मुझे इस बात की कोई परवाह नहीं कि तुम क्या सोचती हो. तुम्हारा गड़ेरिया तुम्हें सच्चा प्यार करता है. तुम भी उसे प्यार करो, मुझ से नहीं.

उसकी ओर
देखो, उसे
प्यार करो.
सिल्विअस,
इस युवक को
बताओ कि
प्यार करने का
अर्थ क्या है.

प्यार का अर्थ तो
सिर्फ आंसू और आहें
है. ऐसा ही प्यार मैं
फिबी से करता हूँ.

और मैं
'गैनिमीड'
से.
और मैं
रोसालिंड से.

और मैं किसी
भी लड़की
से नहीं.

प्यार का अर्थ है की जिसे तुम प्यार करते हो उसकी हर इच्छा पूरी करना. ऐसा मैं फिबी के लिए करना चाहता हूँ.

प्यार का अर्थ है सुंदर सपने और कामनायें. और ऐसा मैं फिबी को लेकर महसूस हूँ.

अगर वह सच कह रहा है तो
फिर तुम्हें प्यार करने के
लिये मुझे क्यों
दोषी समझते हो?

अगर मैं सच
कह रहा हूँ तो
तुम्हें प्यार
करने के लिये
मुझे क्यों दोषी
समझती हो?

अगर वह सच कह रहा
है तो तुम्हें प्यार करने
के लिये मुझे दोषी क्यों
समझती हो? क्षमा
करना, ‘गैनिमीड’,
लेकिन यह बात मैं
रोसालिंड से कह रहा हूँ
जो यहाँ नहीं है.

रोसालिंड ने तय किया कि वह इस खेल को समाप्त कर सब उलझने सुलझा देगी.

सुनो, बहुत बातें हो गईं. कल हम सब फिर यहीं मिलेंगे.

अगर तुम्हारा प्यार ही तुम्हें खुशियाँ दे सकता है तो मैं तुम्हें वह खुशियाँ दूंगा. कल तुम्हारा विवाह हो जाएगा.

और तुम, सिल्विअस, और तुम, ऑर्लैंडो, अगर तुम दोनों उतना ही प्यार करते हो जितना तुम कहते हो तो कल तुम मुझ से यहाँ अवश्य मिलोगे.

अगर मैं जीवित रहा तो कल मैं अवश्य यहाँ आऊंगा.

मैं भी!

मैं भी!

उल्लास से भरा ऑर्लैंडो सीधा ड्यूक के पास आया और जो कुछ 'गैनिमीड' ने कहा था वह सब उन्हें बताया.

क्या तुम्हें विश्वास है कि जो कुछ उसने कहा वह सब कर पायेगा?

कभी लगता है हाँ, और कभी लगता है न.

उनकी बात सुन 'गैनिमीड' एलिना से मिलने चला गया.

अगली दिन
रोसालिंड और
सिलिया मिलने के
स्थान पर आये,
लेकिन अपने
असली रूप में.

अगर तुम मेरे पति नहीं हो सकते तो कोई मेरा पति नहीं हो सकता.

और मैं कभी भी एक लड़की से विवाह नहीं कर सकती.

और जैसा 'गैनिमीड' ने आश्वासन दिया था, तीनों जोड़ों का अर्देन के जंगल में विवाह हुआ.

और उसी समय ओलिवर और ऑर्लैंडो का भाई जेक्स एक शुभ समाचार लाया. उसने ड्यूक से बात की.

श्रीमान, कुछ समय पहले ड्यूक फ्रेडरिक अपने सैनिकों के साथ अर्देन के जंगल की ओर आ रहा था. वह आपको बंधी बनाना या आपकी हत्या करना चाहता था. लेकिन रास्ते में उसकी भेंट एक महात्मा से हुई जिन्होंने उसे उसके बुरे कर्मों के बारे में चेताया.

अब ड्यूक फ्रेडरिक अपना जीवन बदलना चाहता है. उसने आपकी सारी ज़मीनें और संपत्ति आपको लौटा दी है. वह स्वयं अपना जीवन ईश्वर की प्रार्थना में बिताना चाहता है.

तुम्हारा स्वागत है. अपने भाइयों के विवाह के समय तुम बहुत अच्छा और शुभ समाचार लाये हो.

और अब इस जंगल से जाने से पहले आज की शाम हम इकट्ठे हंसी-ख़ुशी में बिताएंगे. कोई भी उदास न हो.
अंत